# खुरई पठारी मार्ग परिवर्तित होने से बसों का आवागमन बंद

## नागरिकों सहित ढाबा संचालक व छोटे दुकानदार भी हो रहे परेशान



**नवभारत न्यूज**
**पठारी 26 जुलाई, पठारी खुरई मार्ग पर पढ़ने वाली बीना नदी के दलपतपुर पुल पर पानी आने से यह रस्ता बंद कर दिया गया है.परिवर्तित मार्ग रामगढ़ धमोनीपुरा दानखेड़ी होते हुए खुरई के लिए प्रारंभ किया गया है.जबकि इस प्रधानमंत्री सड़क की हालत काफी खराब है. जगह-जगह गड्ढे एवं पुलियों की हालत खस्ता है. वहीं सिंगल रोड होने के कारण भारी वाहनों का निकालना मुश्किल हो गया है.**

क्रॉसिंग के दौरान कई वाहान साइट में फस जाते हैं.वहीं इंदौर टीकमगढ़ भोपाल ललितपुर को जाने वाली सवारी बसे लंबी एवं ऊंची होने के कारण इस मार्ग से गुजरने में काफी परेशानियों का सामना करना पढ़ रहा है.जिस कारण बस मालिकों ने पठारी त्योदा ग्यारसपुर मार्ग से बसो का आवागमन बंद कर दिया है.बंद्रावठा चौराहे पर विद्युत तार टकराने का भी डर बना हुआ है एवं रोड किनारे खड़े वृक्षों की डालियां भी सवारी बसों को नुकसान पहुंचा रही थी.इस मार्ग की कई पुलियों पर भी लंबी बस होने के कारण नीचे टकरा रही है.जिसे देखते हुए बस मालिकों ने पठारी से गुजर कर जाने वाली लगभग डेढ़ दर्जन बसों को बंद कर दिया गया है सवारी बसों के बंद होने से पठारी क्षेत्र के नागरिकों को इंदौर भोपाल इलाहाबाद टीकमगढ़ ललितपुर सागर जाने के लिए कोई भी रास्ता नहीं है.नागरिकों ने शासन प्रशासन से इस मार्ग को दुरुस्त कार- कार बसे संचालित कराए जाने की मांग की है. बसे बंद होने की बजे क्षेत्र के नागरिकों को इंदौर जाने के लिए अब कोई सीधी बस उपलब्ध नहीं है लोगों को अब ट्रेनों का सहारा लेना पड़ रहा है.बसों के साथ- साथ लंबी दूरी से आने वाले माल वाहक ट्रको को 50 किलोमीटर से अधिक का चक्कर लगाकर राहतगढ़ होकर खुरई जाना पड़ रहा है.वहीं लंबी दूरी पर जाने वाले फोर व्हीलर करें भी रास्ता भटक रही है.क्योंकि मैप में दलपतपुर से होकर खुरई का रास्ता दिखाया जाता है जिससे वह भी आवा खबर में परेशान है.साथ ही ढाबा संचालक एवं छोटे-छोटे दुकानदार भी बेरोजगार हो गए हैं.क्योंकि इस मार्ग से वाहनों का आवागमन काफी कम हो गया है.

## तेज बारिश में बाहर से आवक घटी



### लोकल उत्पादन भी नहीं इसलिये बढ़े सब्जी के दाम

**नवभारत न्यूज**
**हैदरगढ़ 26 जुलाई, बारिश का सीजन लगते ही महंगाई ने किचन का गणित बिगाड़ दिया है.बाहर से आवक कम होने और स्थानीय उत्पादन न होने से सब्जी की सप्लाई प्रभावित हुई है. जिससे सब्जियों के दाम इन दिनों आसमान पर पहुंच गए हैं.फिलहाल सब्जियों की कीमतों में राहत की कोई उम्मीद नहीं है.**

सब्जियों में लोगों के सेहत के लिये फायदेमंद मानी जानी वाली हरी सब्जियों के दाम ने मध्यम वर्ग हो या आम आदमी का भी बजट गड़बड़ा कर रख दिया है. बाजार में ऐसी कोई सब्जी नहीं है, जिसके दाम 40 रुपए प्रति किलोग्राम से कम नहीं.

### बारिश के चलते भावों में आया उछाल

प्याज 40 रुपए, किलो टमाटर 80 रुपए, किलो बैगन 40 रुपए किलो गिल्की 40 रुपए किलो ,लौकी 40 हरिमिर्च 100 करेला 40 रुपए किलो हैं. दुकानदारों का कहना है कि अधिकांश सब्जी बाहर से आती है और बारिश के सीजन के कारण भाव बढ़ रहे हैं.लोकल की सब्जी से पूर्ति नहीं हो पाती है.

## एक नजर में

### कल गंजबासौदा आयेंगे शिवराज सिंह चौहान

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान 28 जुलाई को गंजबासौदा में लाड़ली बहन तथा भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार जताने आ रहे हैं. दोपहर 12 बजे नवीन बस स्टैंड महाराणा प्रताप चौक के निकट एक निजी गार्डन में संबोधित करेंगे और भारी बहुमत से जिताने पर आभार जताएंगे इस अवसर पर विदिशा जिले के सभी विधायक जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे. सांसद केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान 28 जुलाई रविवार को दोप 12 बजे गंजबासोदा आ रहे हैं,जिसमे विशाल रैली जय स्तंभ चौक से रघुवर गार्डन बरेठ रोड पर प्रस्थान करेगी,जिसमे शिवराज सिंह चौहान गंजबासौदा ग्यारसपुर विधानसभा के सभी नागरिकों कार्यकर्ताओं लाडली बहनों का आभार व्यक्त करेंगे.

### दिनेश शर्मा बने जनपरिषद के अध्यक्ष

**नवभारत न्यूज**
**कुरवाई,** अखिल भारतीय स्तर की सामाजिक संस्था जन परषिद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीपी एनके त्रिपाठी ने दिनेश शर्मा को जन



परिषद के कुरवाई चैप्टर का अध्यक्ष मनोनीत किया है.जन परिषद राष्ट्रीय स्तर की सामाजिक संस्था है,जो कि गत 35 वर्षों से सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यों में सक्रिय होने के साथ-साथ,कई ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व संदर्भ ग्रन्थों का प्रकाशन कर रही है.संस्था पर्यावरण पर दस अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित कर चुकी है.संस्था के इस समय पूरे देश में 210 एवम् विदेशों में 7 चैप्टर्स बन चुके हैं.संस्था का मुख्य आधार मानवीय,सामाजिक एवं राष्ट्रीय दृष्टिकोण है.

# भालबामोरा में पुलिस चौकी स्थापित किये जाने की मांग

**नवभारत न्यूज**
**पठारी, पठारी पुलिस थाने के ग्राम भालबामोरा में नागरिकों ने पुलिस चौकी स्थापित किए जाने की मांग मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं विधायक हरिसिंह सप्रे से ग्राम पंचायत के सरपंच नरेंद्र सिंह ठाकुर, तोरण सिंह ठाकुर,माखन सिंह ठाकुर, रामेश्वर कुर्मी, नारायण सिंह रघुवंशी आदि भाजपा नेताओं ने मांग की है उन्होंने कहा कि भालबमोरा क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं की वारदात होती रहती है.**

भालबामोरा चौराहा से गंजबासौदा 30 किलोमीटर पठारी 12 किलोमीटर मंडीबामोरा 15 किलो मीटर कुलहार 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है जिससे भालबामोरा,बडबासा, पलीता, स्यामपुर गुदावल, जरतौली, डावरी, सतोह, पुनाखेड़ी, दुघावरी, नाहै, भर्री, किसनोदा, बावली, जाजौन, नरोदा आदि क्षेत्र में होने वाले अपराधों पर तिव्रित अंकुश लगाने के लिए भालबामोरा चौराहा पर पुलिस चौकी की आवश्यकता महसूस की जा रही है.क्षेत्र के नागरिको ने उक्त मांग मुख्यमंत्री मोहन यादव, पुलिस महानिदेशक, पुलिस अधीक्षक एवं विधायक हरिसिंह सप्रे से मांग की है. ग्रामीणों का कहना है कि भालबमोरा चौराहा से कुरवाई एवं गंजबासोदा आदि मार्गो पर वाहनों का अत्याधिक आवा गमन रहता है भालबामोरा चौराहा पर पुलिस चौकी खुलने से आस - पास के गांव में होने वाले अपराधों पर तिव्रित अंकुश लग सकेगा.



# खुले कुएं में गिरी गाय

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** तोमर गार्डन के पास खुले कुएं में एक गाय गिर गयी. तोमर गार्डन के पास कुआ खुला हुआ है.जिसमें आज शाम को एक गाय गिर गई. तमाम लोग मौजूद है सभी प्रयास कर रहे हैं कि गौ माता को कैसे निकाला जाए.बताया जा रहा है कि करीबन 6 से 7 घंटे हो चुके हैं गाय अभी भी स्वस्थ है अच्छी है. अभी तक गाय को निकाला नहीं गया है.गाय को निकालने के लिए काफी प्रयास किया जा रहा है जेसीबी का सहारा भी लिया जा रहा है और अन्य सभी लोग अपने-अपने तरीके से गाय को निकालने में लगे हुए.

# सीएससी से नागरिकों को मिल रहा लाभ-राज्य प्रमुख

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,कॉमन सर्विस सेंटर सीएससी एवं भारतीय स्टेट बैंक सामान्य बीमा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में, ग्रामीण स्तरीय उद्यमी वीएलई की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत के सभागार में किया गया.**

सीएससी के जिला प्रबंधक निशांत शिवा ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश वी एल ई को प्रधानमंत्री फसल बीमा सहित सी एस सी की अन्य सेवाओं का प्रशिक्षण प्रदान करना था.कार्यशाला में सी एस सी के राज्य प्रमुख अतुलित राय ने वी एल ई को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में सी एस सी पोर्टल अकेला ऐसा पोर्टल है जिस पर केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा नागरिकों को प्रदान की जाने वाली सभी सेवाएं उपलब्ध हैं.आधार, बैंकिंग, ई ग्राम, आयुष्मान, पासपोर्ट, पेन कार्ड, बीमा, मोबाइल रिचार्ज, ट्रेन, बस एवं हवाई जहाज टिकिट, ग्रामीण ई स्टोर, जन औषधी केंद्र, प्रधान मंत्री फसल बीमा जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं सी एस सी द्वारा प्रदान की जा रही हैं.भारतीय स्टेट बैंक सामान्य बीमा शाखा के राज्य प्रमुख शक्ति तिवारी ने वी एल ई को प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना का विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान करते हुए निर्धारित समय अवधि में ज्यादा से ज्यादा किसानों की फसल का बीमा करने की बात कही.सी एस सी दिल्ली से आए हुए वाइस प्रेसिडेंट बीमा शाखा से कुमार पुष्पेंद्र ने भी सी एस सी की बीमा सर्विस के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए वी एल ई की कई समस्याओं का निराकरण किया.कार्यशाला के पश्चात सीएससी राज्य प्रमुख अतुलित राय ने सी एस सी के जिला कार्यालय का निरीक्षण करते हुए आधार सेवा केंद्र का जायजा लिया. कार्यक्रम का संचालन शमशाबाद वी एल ई हनीफ खान मंसूरी ने किया एवं आभार गंज बासौदा वी एल ई अमित जैन ने व्यक्त किया.इस दौरान सी एस सी राज्य प्रबंधक बीमा शाखा रवि सिंह, जिला समन्वयक सी एस सी विदिशा नूरोज खान, जिला प्रबंधक बीमा शाखा भारतीय स्टेट बैंक राघवेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में जिले से आए हुए वीएलई उपस्थित रहे.



# रेलवे की अंडर ग्राउंड पुलिया से वाहनों की निकासी बंद

**नवभारत न्यूज**
**गुलाबगंज,** बासौदा विदिशा रोड़ पर विदिशा की ओर बनी रेलवे की अन्दर ग्राउंड पुलिया में पानी का अत्यधिक भराव होने से दो पहिया चार पहिया वाहनों की निकासी अवरूद्ध हो गई.रामकृष्ण यादव ने बताया कि पुलिया के दोनों ओर वाहनों की कतार लगी है. पानी की निकासी नहीं होने से यह स्थिति बन रही है.रेलवे के अधिकारियों को इस ओर तुरंत ध्यान देना चाहिए.

# स्कूली वाहनों की नहीं हो रही जांच पड़ताल

**नवभारत न्यूज**
**कुरवाई,** शिक्षण सत्र प्रारंभ होने के पश्चात स्कूली बच्चों आने जाने वाले वाहनों का पूरे जिले में अभियान चलाया जा रहा है.परंतु नगर में स्थानीय प्रशासन द्वारा स्कूली वाहन का निरीक्षण नहीं किया गया है. जबकि स्कूल में लगे हुए ऑटो मैजिक जीप स्कूली बसें चल रही ओवर लोडिंग बहान इमरजेंसी खिड़की खिड़कियों में निर्धारित मापदंड के अनुसार जाली होना आवश्यक है.

संबंधित स्कूल प्रबंधन बच्चोंकी सुरक्षा की दृष्टि वाहन चलक एवं परिचालक का सत्य पान स्थानीय पुलिस स्टेशन पुलिस द्वारा प्रमाणित सत्यवान होना आवश्यक है.इसी के साथ स्कूल प्रबंधन गैस से एलपीजी गैस से सचालित वाहन आरटीओ से प्रमाणित होना आवश्यक है क्योंकि एलपीजी गैस से वाहन संचालित हो रहे हैं वह बच्चों के लिए असुरक्षित है कभीभी कोई बड़ा हादसा हो सकता है.

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

बच्चों की सुरक्षा को लेकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी कमल सिंह बागड़ी शिव चर्चा करने पर बताएं कि प्राइवेट निजी स्कल एवं शासकीय स्कूल में संचालित है उक्त स्कूल प्रबंधन की जवाबदारी वह वाहनों निरीक्षण करने के उपरांत अटैच करें जांच के दौरान शिकायत सही पाई जाती है स्कूल प्रबंधन के विरोध कार्यवाही की जावेगी.एसडीओपी मनीष राज ने बताएं कि अनुविभाग के अंतर्गत समस्त थाना प्रभारीको निर्देश दिए गए.स्कूली वाहनों का जांच की जावे.थाना क्षेत्र अंतर्गत लापरवाही की जाती है जिम्मेदार एवं संबंधित अधिकारी के वरोध विभागीय कार्यवाही की जावेगी.मै स्कूली वाहनों का आकस्मिक निरीक्षण करूंगा बच्चों के साथ खिलवाड़ करने वाले वाहन मलिक एवं चालक एवं परिचालक के विरोध कार्रवाई की जवेगी.

# सिरावली में मनाया रजत कारगिल विजय दिवस

**नवभारत न्यूज**
**कुरवाई,** शासकीय स्कूल सिरावली में रजत कारगिल विजय दिवस मनाया गया, जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं ने देश के वीर सैनिकों की शहादत पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए. वहीं इस मौके पर संस्था के प्रधान अध्यापक एवं पूर्व सैनिक प्रमोद सिंह चौहान ने कारगिल युद्ध के दौरान हमारे देश के वीर सैनिकों की शौर्य गाथा सुनाई.

पूर्व सैनिक एवं शिक्षक प्रमोद चौहान द्वारा बताया गया कि 24 वर्ष पूर्व हमारे वीर सैनिकों ने द्रास सेक्टर में अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए 18 हजार फीट की ऊंचाई पर बैठे दुश्मनों को मार खदेड़ा था.कारगिल पर विजय प्राप्त करने में हमें अपने वीर बहादुर 527 सैनिकों को शहादत देना पड़ी थी, हमारे 1300 सौ सैनिक घायल हो गये थे, लेकिन दुनियाँ ने ये देखा कि भारत के सैनिक हर विपरीत परिस्थितियों में और मौसम में लड़ने की क्षमता रखते हैं . अपनी मातृभूमि की सेवा और अपनी जमीन को प्राप्त करने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं ।इसके बाद ड्रिल के माध्यम से शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई , इस दौरान सुरेश अहिरवार विनोद पटले तथा स्कूली छात्र छात्राये उपस्थित रहे स्कूल परिसर में शहीद सैनिकों को सलूट देकर नम ऑखों से उनको याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये गए.

# लटेरी में 4 स्कूलों की मान्यता पर खतरा

**नवभारत न्यूज**
**लटेरी,यहां संचालित अशासकीय स्कूलों में से 4 स्कूलों की मान्यता रद्द करने की अनुशंसा लटेरी एसडीएम अनुभा जैन ने कर दी है.यह चार स्कूल संजय मेमोरिल,लिटिल हेवन कॉमेंट, कृष्णा कॉमेंट,सुभाष विद्या मंदिर हैं.**

मीडिया में खबरों के आधार पर प्रशासन ने एक टीम गठित कर कुछ स्कूलों की जांच पड़ताल की तो इनमे शासन के नियमानुसार काफी अनिमिताएं पाई गई.जिसके चलते इन चार स्कूलों की मान्यता समाप्त करने के लिए एसडीएम ने अनुसंसा कर जिले में भेज दिया है.अभी और भी स्कूल वांकी हैं जो संदेह के दायरे में हैं देखते हैं जांच टीम उन पर क्या कार्यवाही करती है.

# जर्जर शाला भवन का तहसीलदार ने किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**
**पठारी,ग्राम पंचायत मथुरापुर के ग्राम किशनपुर में प्राथमिक शाला भवन की हालत पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है.इस भवन में शाला का संचालन संभव ही नहीं है.लोगों की शिकायत एवं मीडिया में यह बात आने के बाद पठारी तहसीलदार अभिषेक पांडे आज ग्राम किशनपुर पहुंचे और प्राथमिक शाला भवन का निरीक्षण किया.**



निरीक्षण के दौरान पाया गया कि भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुका है और बच्चों को बैठने के लायक नहीं है.प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षक मनोहर साहू के द्वारा बच्चों को अभी किचन शेड में बैठा कर कक्षाएं संचालित की जा रही हैं.किचन शेड की छत से भी पानी टपकता है इस कारण से पूरी छत को काली पन्नी से ढक दिया गया है तब जाकर बच्चों को बैठने की स्थिति बन पा रही है.भवन के दो मुख्य कमरे जिनमें से एक कमरे की छत ही नहीं है और कमरे में से आसमान साफ दिखाई दे रहा है जबकि दूसरे कमरे की छत की स्थिति ऐसी है कि कब धराशाई हो जाए कोई गारंटी नहीं है, पूरे भवन में फर्श ऐसा है जैसे किसी पथरीले मैदान मैदान में आ गए हो.निरीक्षण के बाद तहसीलदार अभिषेक पांडे ने साफ तौर पर तो कुछ नहीं कहा लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर जो भी उचित निर्णय होगा वह किया जाएगा.

# नेत्र शिविर में हुयी स्कूली बच्चों की जांच

**नवभारत न्यूज**
**ग्यारसपुर,** अशासकीय विद्यालय विन टेक अकैडमी हायर सेकेंडरी स्कूल में नेत्र निकेतन एएसजी आई हॉस्पिटल के द्वारा निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया.जिसमें स्कूल में पढ़ने वाले तीन सौ बच्चों का निशुल्क आंखों का परीक्षण किया गया.जिसमें जिन बच्चों को दृष्टि दोष पाया गया उनका उपचार किया एवं आंखों की देखभाल एवं सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई.शिविर के दौरान स्कूल के संचालक संजीव सोनी सहित शिक्षक एवं समाजसेवी अनुज जैन इस दौरान उपस्थित रहे.

**बैठक** | **स्कूल वाहन बस, मैजिक वैन, ऑटो रिक्शा चालकों की बैठक**

# यातायात नियमों का पालन करने दिये निर्देश

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा दिए गए आदेश के पालन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे और एसडीओपी सिरोंज उमेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में थाना सिरोंज में स्कूल वाहन बस, मैजिक वैन, ऑटो रिक्शा चालकों एवं मालिकों की बैठक आयोजित की गई.**



जिसमें मुख्यत: वाहन संबंधी कागजात लाइसेंस, बीमा फिटनेस, परमिट इत्यादि पूर्ण रखने, क्षमता से अधिक बच्चों को वाहनों में न बैठाने, बच्चों को वाहन में बैठाते या उतारते समय सावधानी बरतने एवं सतर्कता से वाहन चलाने, ऑटो में चालक के बगल में सवारी न बैठाने एवं बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए गेटङ्कजाली लगवाने, स्कूल वाहन पर रजिस्ट्रेशन नंबर विधिवत अंकित करने, वाहन मालिक चालक दोनों का मोबाइल नंबर भी लिखने, बारिश के समय पुल पर पानी होने पर वाहन न निकालने एवं वाहन धीरे चलाने, शराब पीकर एवं मोबाइल पर बात करते हुए वाहन न चलाने, नाबालिग बच्चों को बिना लाइसेंस के वाहन न चलाने देने, वाहन मे अग्निशमन यंत्र, मेडिकल बॉक्स, इमरजेंसी खिड़की सही हो इत्यादि बातों को अमल मे लाने की समझाइश एवं निर्देश दिये गये. जिससे कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी आए और शहर की यातायात व्यवस्था बेहतर हो सके. बैठक में एसडीओपी सिरोंज उमेश कुमार तिवारी, थाना प्रभारी सिरोंज संदीप पवार, यातायात प्रभारी सिरोंज सूबेदार रितेश वाघेला एवं स्कूल वाहन बस, मैजिक, वैन, ऑटो रिक्शा चालक उपस्थित रहे.

# करते हैं भलाई तो जताई नहीं जाती, ये खूबी हर इंसान में पाई नहीं जाती

## हुयी काव्य गोष्ठी

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,विगत दिवस अंजुमन फ़रोग़-ए-अदब के अध्यक्ष चांद खां चाँद, की जानिब से चित्रगुप्त मंदिर कायस्थ धर्मशाला में एक काव्य गोष्ठी आयोजित की गई.जिसकी अध्यक्षता मशहूर शायर निसार मालवी ने की.**

काव्य गोष्ठी में साहित्यकारों ने अपने अपने कलाम पेश किये.जनाब निसार मालवी ने पढ़ा कि, कलेजा लाऊं कहां से खुशी मनाने का.ज़माना बीत गया यार मुस्कुराने का.हवा को कोई भी इल्ज़ाम बाद में देना सलीक़ा सीखिए पहले दिया जलाने का.रामकृष्ण असहाय ने पढ़ा कि,ये रिवायत अब भी जारी है.ग़म हमारे खुशी तुम्हारी है.दिल दुखाया नहीं किसी का भी.हमने यूं ज़िंदगी गुज़ारी है.चांद खां चाँद ने पढ़ा कि करते हैं भलाई तो, जताई नहीं जाती.ये खूबी हर इंसान में पाई नहीं जाती.घूंघट का चलन गांव में है आज भी क़ायम.तहज़ीब ये अब शहरों में पाई नहीं जाती. बुन्देली भाषा के मशहूर कवि सुरेन्द्र श्रीवास्तव ने पढ़ा कि, नई बहू और मूंड़ उघाड़ी, देखत जाओ.ससुर के आगे ऐसे थाड़ी,देखत जाओ.मेतारी को लाकर कब्बूं चिंदी नइ दइ.पटरानी को दो दो साड़ी, देखत जाओ. उदय ढ़ोली ने पढ़ा कि,नज़ीर ज़िन्दा है तुलसी है मीर ज़िन्दा है.सुख़नवरों के दिलों में कबीर ज़िन्दा है.संतोष शर्मा सागर ने पढ़ा कि,अमीरे शहर की शोहरत तो सागर चार दिन की थी.मगर मस्ती फ़क़ीरों की तो मरते दम भी है क़ायम.शाहिद अली शाहिद ने पढ़ा कि,आंखों के दर पे ख्वाब भी सर रख के सो गए.में था कि तेरी याद में सोया न रात भर. इनके अलावा शाहिद अली शाहिद, दादा सोबरन सिंह , औसाफ़ अहमद औसाफ़, हरगोविंद मैथिल, कोमल सिंह, रईस शेख़, हबीब नादां सिरोंजी आदि कवियों एवं शायरों ने अपने अपने गीत और ग़ज़लें सुनाकर देर रात तक खूब तालियां बटोरीं और वाहवाही लूटी.काव्य गोष्ठी का संचालन संतोष शर्मा सागर द्वारा किया गया और गोष्ठी के अंत में एसएस श्रीवास्तव के सुपुत्र द्वारा आभार व्यक्त किया गया.